दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, रविवार 23 अक्टूबर 2022

www.nyaysakshi.com




## संपादकीय

# डॉलर और रुपया-कौन भारी

अजय दीक्षित-

हाल ही में अमेरिका के केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर में इजाफा किए जाने और मौद्रिक नीति को आगे और भी सख्त बनाए जाने के संकेत के साथ साथ 5 अक्टूबर को तेल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक के द्वारा तेल उत्पादन में भारी कटौती पर जिस तरह सहमति व्यक्त की गई है, उससे 7 अक्टूबर को डॉलर के मुकाबले रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर लुढककर 82.33 पर पहुंच गया । रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से रुपए में यह सबसे बड़ी गिरावट है । स्थिति यह है कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की ऐतिहासिक गिरावट के बाद कई भारतीय कंपनियां इससे बचने के लिए फॉरवर्ड कवर की कवायद में हैं, क्योंकि उन्हें चिन्ता है कि फेडरल रिजर्व के ताजा संकेत से इसी वर्ष 2022 में ब्याज दर में और इजाफा हो सकता है, जिससे डॉलर और मजबूत होगा । निश्चित रूप से रूस - यूक्रेन युद्ध के बाद अब चीन ताइवान के बीच तनाव और वैश्विक आर्थिक मंदी की आशंकाओं के बीच जिस तरह उससे डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत में बड़ी फिसलन से जहां इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था की मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं आर्थिक विकास योजनाएं प्रभावित हो रही हैं । विदेशी मुद्रा भंडार 30 सितम्बर को दो साल के निचले स्तर पर घटकर 533 अरब डॉलर रह गया है । इतना ही नहीं महंगाई से जूझ रहे आम आदमी की चिंताएं और बढ़ती हुई दिखाई दे रही हैं । उर्वरक एवं कच्चे तेल के आयात बिल में बढ़ोतरी होगी। अधिकांश आयातित सामान महंगे हो जायेंगे । यद्यपि रुपए की कमजोरी से आईटी, फार्मा, टेक्सटाइल जैसे विभिन्न उत्पादों के निर्यात की संभावनाएं बढ़ी हैं, लेकिन अधिकांश देशों में मंदी की लहर के कारण निर्यात की चुनौती दिखाई दे रही है । वस्तुत: डॉलर के 1 मुकाबले रुपये के कमजोर होने का प्रमुख कारण बाजार में रुपये की तुलना में डॉलर की मांग बहुत ज्यादा हो जाना है । वर्ष 2022 की शुरुआत ही संस्थागत विदेशी निवेशक (एफआईआई) बार-बार बड़ी संख्या में भारतीय बाजारों से पैसा निकालते हुए दिखाई दिये हैं । ऐसा इसलिए हुआ है क्योंकि अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के द्वारा अमेरिका में ब्याज दरें बहुत तेजी से बढ़ाई जा रही हैं । दुनिया के कई विकसित देशों के द्वारा भी ब्याज दरें तेजी से बढ़ाई जा रही हैं । ऐसे में भारतीय शेयर बाजार में निवेश करने के इच्छुक निवेशक अमेरिका सहित अन्य विकसित देशों में अपने निवेश को ज्यादा लाभप्रद और सुरक्षित मानते हुए भारत की जगह अमेरिका व विकसित देशों में निवेश को प्राथमिकता भी दे रहे हैं । गौरतलब है कि अभी भी दुनिया में डॉलर सबसे मजबूत मुद्रा है। दुनिया का करीब 85 फीसदी व्यापार डॉलर की मदद से होता है। साथ ही दुनिया के 39 फीसदी कर्ज डॉलर में दिए जाते हैं । इसके अलावा कुल डॉलर का करीब 65 फीसदी उपयोग अमेरिका के बाहर होता है । चूंकि भारत अपनी क्रूड आयल की करीब 80-85 फीसदी जरूरतों के लिए व्यापक रूप से आयात पर निर्भर है। रूस यूक्रेन युद्ध के मद्देनजर कच्चे तेल और अन्य कमोडिटीज की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से भारत के द्वारा अधिक डॉलर खर्च करने पड़ रहे हैं । साथ ही देश में कोयला, उर्वरक, वनस्पति तेल, दवाई के कच्चे माल, केमिकल्स आदि का आयात लगातार बढ़ता जा रहा है । ऐसे में डॉलर की जरूरत और ज्यादा बढ़ गई है। स्थिति यह है कि भारत जितना निर्यात करता है, उससे अधिक वस्तुओं और सेवाओं का आयात करता है। इससे देश का व्यापार संतुलन लगातार प्रतिकूल होता जा रहा है । नि:संदेह कमजोर होते रुपए की स्थिति से सरकार और रिजर्व बैंक दोनों चिन्तित हैं और इस चिन्ता को दूर करने के लिए यथोचित कदम भी उठा रहे हैं । रिजर्व बैंक ने रुपए में तेज उतार-चढ़ाव और अस्थिरता को कम करने के लिए यथोचित कदम उठाए हैं और आरबीआई द्वारा उठाए गए ऐसे कदमों से रुपए की तेज गिरावट को थामने में मदद मिली है । आरबीआई ने कहा है कि अब वह रुपये की विनिमय दर में तेज उतार-चढ़ाव की अनुमति नहीं देगा । आरबीआई का कहना है कि विदेशी मुद्रा भण्डार का उपयुक्त उपयोग रुपए की गिरावट को थामने में किया जायेगा। अब आरबीआई ने विदेशों से विदेशी मुद्रा का प्रवाह देश की ओर बढ़ाने और रुपये में गिरावट को थामने, सरकारी बांड में विदेशी निवेश के मानदण्ड को उदार बनाने और कंपनियों के लिए विदेशी उधार सीमा में वृद्धि सहित कई उपायों की घोषणा की है । ऐसे उपायों से एफआईआई पर अनुकूल कुछ असर पड़ा है । इस समय रुपए की कीमत में गिरावट को रोकने के लिए और अधिक उपायों की जरूरत है । इस समय डॉलर के खर्च में कमी और डॉलर की आवक बढ़ाने के रणनीतिक उपाय जरूरी हैं । अब रुपये में वैश्विक कारोबार बढ़ाने के मौके को मुट्ठियों में लेना होगा । भारतीय 1 रिजर्व बैंक के द्वारा भारत और अन्य देशों के बीच व्यापारिक सौदों का निपटान रुपये में किये जाने सम्बन्धी महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है ।

# गजब का म्यूचुअल फंड : 10000 रुपए के एसआईपी को बना दिया 11.39 लाख रुपए




**नई दिल्ली।** एसबीआई स्मॉल कैप फंड रेगुलर ग्रोथ प्लान अपने 52-वीक हाई 118.1 के करीब है। शुक्रवार को यह 114.57 पर बंद हुआ था। शुक्रवार को एसबीआई स्मॉल कैप फंड डायरेक्ट ग्रोथ प्लान का NAV प्राइस 127.69 अंक पर बंद हुआ। स्मॉल-कैप इक्विटी म्यूचुअल फंड भारत में टॉप प्रदर्शन करने वाले म्यूचुअल फंडों में से एक है। इस इक्विटी फंड के डायरेक्ट ग्रोथ प्लान ने पिछले 3 सालों में 31 फीसदी का सीएजीआर (कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट) दिया है जबकि पिछले दो सालों में इसने 41.50 फीसदी का सीएजीआर दिया है।

SBI Small Cap Fund NAV प्राइस हिस्ट्री- 2020 में कोविड-19 के प्रकोप के बाद शुरू हुई बिकवाली के दौरान एसबीआई स्मॉल कैप फंड की डायरेक्ट ग्रोथ प्लान का NAV 3 अप्रैल 2022 को 43.70 रुपये पर आ गया था। हालांकि, इसके बाद यह लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है और अब इसकी कीमत 127.69 हो गई है। यह लगभग 30 महीनों में 190 प्रतिशत बढ़ा है। YTD समय में, इस स्मॉल-कैप इक्विटी म्यूचुअल फंड ने अपने निवेशकों को 8.36 प्रतिशत रिटर्न दिया है जबकि पिछले एक साल में यह 12.56 प्रतिशत तक बढ़ गया है।पिछले पांच सालों एसबीआई स्मॉल कैप फंड डायरेक्ट ग्रोथ प्लान का एनएवी मूल्य 54.52 से बढ़कर 127.69 हो गया है, इस अवधि में लगभग 135 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। 4 जनवरी 2013 को अपनी स्थापना के बाद से इस स्मॉल-कैप इक्विटी म्यूचुअल फंड ने अपने लंबी अवधि के निवेशकों को लगभग 900 प्रतिशत रिटर्न दिया है।

SIP Return कैलकुलेटर- एसबीआई स्मॉल कैप फंड डायरेक्ट ग्रोथ प्लान ने पिछले एक साल में लगभग 11.50 फीसदी का पूर्ण रिटर्न दिया है, जबकि पिछले दो वर्षों में इसने 30 फीसदी रिटर्न दिया है, पिछले तीन वर्षों में 65 फीसदी रिटर्न दिया है जबकि पिछले पांच वर्षों में इसने 90 फीसदी रिटर्न दिया है। अपने एसआईपी निवेशकों को भी तगड़ा रिटर्न दिया है।

10,000 का मंथली SIP बना 11.39 लाख रुपये- इस प्रकार अगर किसी निवेशक ने एसबीआई स्मॉल कैप फंड डायरेक्ट ग्रोथ प्लान में रु.10,000 मासिक एसआईपी शुरू किया होता, तो आज निवेश की वैल्यू बढ़कर 1.33 लाख हो जाती। अगर निवेशक ने दो साल पहले रु.10,000 का मासिक एसआईपी शुरू किया होता, तो किसी के निवेश की राशि बढ़कर रु.3.12 लाख हो जाती। इसी तरह, अगर किसी निवेशक ने इस स्मॉल-कैप इक्विटी में रु.10,000 मासिक एसआईपी शुरू किया होता, तो उसका निवेश आज रु. 5.93 लाख हो जाता।

इसी तरह, यदि कोई निवेशक मासिक एसआईपी के जरिए इस म्यूचुअल फंड में हर महीने रु.10,000 का निवेश करता है, तो उसका निवेश अब रु.11.39 लाख हो जाता।

# सेबी का एक्शन : अरबपति वाडिया परिवार पर लगा 15.75 करोड़ रुपए का भारी जुर्माना

### दो साल के लिए बाजार से हुए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार को रेग्युलेट करने वाली संस्था SEBI ने बॉम्बे डाइंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के अलावा कंपनी के प्रमोटर्स और अरबपति वाडिया परिवार को दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। जिन प्रमोटर्स को सिक्योरिटीज मार्केट से प्रतिबंधित किया गया है उनमें नुस्ली एन वाडिया, नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया भी शामिल हैं। इसके साथ ही सेबी ने 15.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सेबी ने 45 दिनों के भीतर जुर्माना भरने का निर्देश दिया है।

ये भी हैं प्रतिबंधित: इसके अलावा वाडिया समूह की कंपनी स्केल सर्विसेज लिमिटेड को भी प्रतिबंधित किया गया है। वहीं, पूर्व निदेशक डी एस गगराट, एनएच दातानवाला शैलेश कार्णिक, आर चंद्रशेखरन और दुर्गेश मेहता पर भी कार्रवाई हुई है।

क्या है आरोप: सेबी के मुताबिक बॉम्बे डाइंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड के फाइनेंशियल डिटेल को गलत तरीके से पेश किया गया। सेबी ने बताया कि कुछ शिकायतों के आधार पर वित्त वर्ष 2011-12 से वित्त वर्ष 2018-19 तक की अवधि के लिए बॉम्बे डाइंग एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनी लिमिटेड (बीडीएमसीएल) के मामलों की विस्तृत जांच की गई। सेबी ने अपनी जांच में पाया कि प्रतिबंधित प्रमोटर और संस्थाओं ने 2,492.94 करोड़ की बिक्री से मिलने वाले 1,302.20 करोड़ रुपये के लाभ के साथ हेरफेर की और इसे बढ़ाकर बीडीएमसीएल के फाइनेंशियल डिटेल को प्रभावित किया गया। आरोप है कि कंपनी के प्रमोटर्स वाडिया परिवार ने बीडीएमसीएल के फाइनेंशियल डिटेल को जानबूझकर गलत तरीके से पेश करने की योजना को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभाई। वह गलतियां होने के बावजूद जानबूझकर निष्क्रिय पड़े रहे।

# भारतीय गुणवत्ता परिषद के नए चेयरमैन बने जे शाह



**नईदिल्ली।** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि क्रेडाई के पूर्व प्रमुख जे शाह को तीन साल के लिए भारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

शाह ने आदिल जैनुलभाई की जगह ली। जुनैलभाई, 2014 में क्यूसीआई के चेयरमैन पद पर नियुक्त हुए थे।

इससे पहले शाह, भारत में निजी रियल एस्टेट कंपनियों के संगठन क्रेडाई के राष्ट्रीय चेयरमैन थे। इसके अलावा, वह वाणिज्य एवं उद्योग संगठन एसोचैम के पश्चिमी क्षेत्र विकास परिषद के चेयरमैन भी हैं।

क्यूसीआई को वर्ष 1997 में स्थापित किया गया। परिषद का काम परीक्षण, निरीक्षण और प्रमाणन निकायों की राष्ट्रीय मान्यता के माध्यम से देश में गुणवत्ता को बढ़ावा देना है।

# आयरलैंड ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप से बाहर किया




**होबार्ट।** आयरलैंड ने दो बार की चैम्पियन वेस्टइंडीज को टी20 विश्व कप के प्रारंभिक चरण से ही बाहर करके नौ विकेट से जीत के साथ सुपर 12 चरण में जगह बना ली ।


सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग ने 48 गेंद में 66 रन बनाये । वेस्टइंडीज के पांच विकेट पर 146 रन के जवाब में आयरलैंड ने 15 गेंद बाकी रहते एक विकेट पर 150 रन बना लिये ।स्टर्लिंग ने पहले विकेट के लिये कप्तान एंडी बालबर्नी (37) के साथ 73 रन की साझेदारी की । इसके बाद लोरकान टकर के साथ 77 रन की अटूट साझेदारी भी की । टकर ने नाबाद 45 रन बनाये ।

इससे पहले वेस्टइंडीज के कप्तान निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज कसौटी पर खरे नहीं उतर सके । ब्रेंडन किंग ने 48 गेंद में सर्वाधिक 62 रन बनाये ।

वेस्टइंडीज के लिये यह टूर्नामेंट बुरे सपने की तरह रहा जिसमें पहले ही मैच में उसे स्कॉटलैंड ने हराया था ।आयरलैंड के लिये स्पिनर जेरेथ डेलानी ने टी20 कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 16 रन देकर तीन विकेट लिये ।

डेलानी ने कहा , हमारा सपना सच हो गया । हम सभी बहुत खुश हैं । हमारे लिये यह यादगार दिन है ।ग्रुप बी की सभी चार टीमें एक जीत और एक हार के साथ दौड़ में थी । जिम्बाब्वे को आखिरी मैच में स्कॉटलैंड से खेलना है और इसमें जीतने वाली टीम सुपर 12 में पहुंच जायेगी ।पूर्व चैम्पियन श्रीलंका और नीदरलैंड ग्रुप ए से सुपर 12 में पहुंचे हैं ।

# गूगल इंडिया के आयरलैंड इकाई को भुगतान रॉयल्टी नहीं: आईटीएटी




**नईदिल्ली।** आयकर अपीलीय प्राधिकरण (आईटीएटी) ने गूगल इंडिया को राहत देते हुए कहा कि कंपनी ने गूगल आयरलैंड को 2007-08 और 2012-13 के बीच किया गया भुगतान रॉयल्टी नहीं है

आईटीएटी की बेंगलुरु पीठ ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश पर मामले की फिर से जांच करने के बाद यह फैसला दिया।

यह मामला इस बात से संबंधित है कि गूगल इंडिया द्वारा गूगल आयरलैंड को किए गए कुल 1,457 करोड़ रुपये का भुगतान क्या रॉयल्टी है और क्या भारत में इस पर कराधान का मामला बनता है।

आईटीएटी ने 2018 में अपने पहले के आदेश में कहा था कि यह भुगतान रॉयल्टी है और भारत में कर का भुगतान किया जाना चाहिए। हालांकि, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने आईटीएटी को मामले की फिर से जांच करने का निर्देश दिया था।

# अश्विन टेस्ट क्रिकेट में बेजोड़ लेकिन टी20 में स्तरीय प्रतिस्पर्धा: मुरलीधरन




**मेलबर्न।** श्रीलंका के महान स्पिन गेंदबाज मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि भारत के पास सफेद गेंद के क्रिकेट में इतने स्तरीय खिलाड़ी और गहराई मौजूद है कि देश ने टी20 प्रारूप में अकल्पनीय प्रतिभा पूल तैयार किया है।टेस्ट क्रिकेट में 800 विकेट चटकाने वाले एकमात्र गेंदबाज और सर्वकालिक महान ऑफ स्पिनर ने यह टिप्पणी इस बात को ध्यान में रखते हुए की है कि रविचंद्रन अश्विन जैसी प्रतिभा वाले गेंदबाज को सीमित ओवरों के प्रारूपों के लिए भारत की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए जूझना पड़ता है।

टेस्ट क्रिकेट में 450 विकेट चटकाने के करीब पहुंचे अश्विन तीन साल से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद एक बार फिर सीमित ओवरों की टीम में जगह बनाने में सफल रहे हैं।मुरलीधन ने कहा, भारतीय क्रिकेट में काफी स्तरीय विकल्प मौजूद हैं। सीमित ओवरों के क्रिकेट में शीर्ष भारतीय स्पिनरों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है।

उन्होंने कहा, लाल गेंद के क्रिकेट में इतनी प्रतिस्पर्धा नहीं है क्योंकि अश्विन शीर्ष पर है। वह बेजोड़ है। जैसे ही हम टी20 की ओर देखते हैं, आईपीएल के कारण वहां इतने सारे प्रतिभाशाली विकल्प है क्योंकि इतने सारे मुकाबले खेले जाते हैं। यह निश्चित तौर पर भारतीय क्रिकेट की गहराई बयां करता है। 'दूसरा' गेंद को सबसे सफलतापूर्वक इस्तेमाल करने वाले गेंदबाजों में शामिल मुरलीधरन ने कभी अपने मजबूत पक्ष से समझौता नहीं किया जो उनकी ऑफ स्पिन गेंदबाजी है जिससे वह सपाट पिचों पर भी गेंद को काफी टर्न करा पाते थे।

# चित्रगुप्त पर विवादों के बाद थैंक गॉड में बदला गया अजय देवगन का नाम



अजय देवगन की फिल्म थैंक गॉड दिवाली के मौके पर रिलीज हो रही है। हालांकि, इस अवसर के उलट फिल्म पर हिंदु भावनाओं को आहत करने के आरोप लग रहे हैं। विवादों में घिरता देख निर्माताओं ने इससे बचने का फैसला किया है। फिल्म में अजय आधुनिक चित्रगुप्त का किरदार निभा रहे हैं। उनके इस किरदार पर विवाद खड़ा हो गया था और फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की मांग हो रही थी। अब उनका नाम बदल दिया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में अजय का नाम चित्रगुप्त को बदलकर सीजी कर दिया है। सेंसर बोर्ड के निर्देश पर भी फिल्म में तीन बदलाव किए गए हैं। एक दृश्य में हनुमान जी को मिठाई चढ़ाते दिखाया गया है। इस दृश्य में अब हनुमान को पीछे से दिखाया जाएगा। एक शराब के ब्रैंड का नाम ब्लर किया जाएगा और डिसक्लेमर को और लंबा किया जाएगा। इन बदलावों के बाद फिल्म को सेंसर बोर्ड से यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है।फिल्म के रिलीज पर स्टे की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हालांकि, कोर्ट ने इसपर सुनवाई के लिए 1 नवंबर की तारीख दी थी। इससे पहले कर्नाटक में भी एक धार्मिक संगठन ने फिल्म पर रोक लगाने की मांग की थी। उत्तर प्रदेश में निर्माता के खिलाफ धार्मिक भावनाएं आहत करने के लिए मामला दर्ज हो चुका है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपकी सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे। नौकरी पेशा वाले लोगों को पदोन्नति मिलने के योग हैं। आप का आज का दिन बेहद शुभ नजर आ रहा है।

***वृष :*** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

***मिथुन :*** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। स्वास्थ्य सही रहेगा।

***कर्क :*** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे । परिवार के सभी सदस्य आपका पूरा सपोर्ट करेंगे।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है।

***कन्या :*** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी। घरेलू सुख साधनों में बढ़ोतरी होगी।

***तुला :*** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरू करने का मन बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

***वृश्चिक :*** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है।

***धनु :*** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काफी लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे हो सकते हैं, जिससे आपका मन हर्षित होगा।

***मकर :*** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। दोस्तों की मदद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा । वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा। आमदनी के अनुसार खर्चा पर कंट्रोल रखने की आवश्यकता है।

***मीन :*** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

# डिनर में बनाएं रेस्टोरेंट जैसे हांडी पनीर



अगर आप फेस्टिवल के दौरान रेस्टोरेंट जैसे हांडी पनीर बनाने चाहते हैं, तो इस रेसिपी को जरूर ट्राई करें। आप इसे डिनर के दौरान बना सकती हैं। मेहमानों को गर्मागर्म पराठे या चावल के साथ सर्व कर सकती हैं। जिसे सभी चाव से खाएंगे।

### सामग्री :

चार कटा हुआ प्याज, बारिक कटी हुई हरा धनिया, एक कटा हुआ टमाटर, 2 बड़े स्पून दही, एक टीस्पून काली मिर्च पाउडर, एक स्पून गरम मसाला पाउडर , 250 ग्राम पनीर, कद्दूकस किया हुआ अदरक और लहसुन, एक स्पून हल्दी पाउडर, एक स्पून लाल मिर्च पाउडर, एक स्पून मलाई, दो बड़े स्पून सरसो का तेल।

### विधि :

- सबसे पहले एक कढ़ाई में तेल गर्म करें और इसमें प्याज डालकर सुनहरा होने तक भूनें।
- अब इसमें हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और गरम मसाला डालकर पकाएं।
- फिर आप इसमें टमाटर और हरी मिर्च डालकर धीमी आंच पर थोड़ी देर और पकाएं।
- अब इसमें आधा कप दही डालकर उबाल आने तक पकाएं।
- फिर इसमें नमक डालें, अब आप इसमें मलाई, पनीर और हरा धनिया डालें।
- फिर इसे तब तक पकाएं,जब तक मसाले से तेल न छोड़ दे।
- इसके बाद आप ग्रेवी में काली मिर्च डालकर आंच बंद कर दें।
- अब आपका टेस्टी हांडी पनीर तैयार है।


## शब्द सामर्थ्य- 231

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्‌भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 230 का हल



## सू-दोकू- 231



**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 230 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |